Chapter- 2

# किरण मजुमदार शॉ (प्रेरणा स्त्रोत)

## STUDY NOTES

**विषय सारांश :**

- प्राचीन काल से ही नारी अंनत गुणों का भंडार रही है ।
- भारतीय नारियों ने अपने कार्यों व गुणों के द्वारा समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है ।
- इतिहास में भी रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, चाँदबीबी आदि का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है ।
- श्रीमती प्रतिभा पाटिल भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनी ।
- भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी.एस्) की अधिकारी श्रीमती किरण बेदी 'मैगसेसे पुरस्कार' से सम्मानित हुई है ।
- इसके अलावा दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश लीला सेठ, केरल हाइकोर्ट की न्यायधीश अन्नाचेंडी का नाम सदैव याद रहेगा ।
- इसी प्रकार श्रीमती किरण मजुमदार शॉ की सफलता गाथा की उल्लेखनीय है ।
- किरण का जन्म १९५३ में बंगलूरू में हुआ ।
- १९७३ में प्राणी विज्ञान में स्नातक की उपाधि ग्रहण करने के बाद वे उच्च शिक्षा हेतु ऑस्ट्रेलिया गई ।
- वहाँ से आने के बाद उन्होने बायोकॉन नामक कंपनी की स्थापना की ।
- 'बायो टैक्नोलॉपी' से जुड यह पहली कंपनी थी ।
- उनके कार्य जी प्रशंसा करते हुए न्यूयॉर्क टाइमस' अखबार ने उन्हे आविष्कार की भारतीय जननी कहा ।
- वे न सिर्फ एक सफल व्यवसायी थी , बल्कि सामाजिक कार्यकर्त्ती भी थी ।
- एम.बी.मैमोरिपल अवॉर्ड, भारतीय चेंबर ऑफ कॉमर्स से लाइफ टाइम् एयीवमेट आवॉर्ड, पदमश्री तथा 'पदमभूषणं जैसे पुरस्कारों से भी वे सम्मानित हुई है ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

मौखिक

१.    **श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –**

समाज , सुसंस्कृत,  उन्नत,  प्राचीन, स्वतत्रंता, राष्ट्रपति, उल्लेखनीय, बायोकॉन ,व्यवसायी , कार्यकर्ती

२.    **कम से कम शब्दों में उत्तर दीजिए –**

क)    सभ्य, सुसंस्कृत और उन्नत समाज का अंदाजा कैसे लगाया जा सकता है ?

उ-    सभ्य, सुसंस्कृत और उन्नत समाज का अंदाजा समाज में नारी की स्थिति से लगाया जा सकता है ।

ख)    भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति का नाम बताइए ।

उ-    भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति का नाम श्रीमती प्रतिभा पाटिल है ।

ग)    किरण मजुमदार के बारे में 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने क्या कहा ?

उ-    'न्यूयॉर्क टाइमस्' ने किरण मजुमदार को आविष्कार की भारतीय जननी कहा ।

**लिखित :-**

१.    रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

क)    श्रीमती किरण बेदी ————पुरस्कार से सम्मानित हुई ।

ख)    ——— की न्यायाधीश ———— का नाम सदैव याद रहेगा ।

ग)    बायोटैक क्षेत्र में ——— का नाम प्रसिद्ध है ।

घ)    किरण मजुमदार को ———और ———से सम्मनित किया गया ।

उत्तर – क) मैगसेस

ख) केरल हाइकोर्ट, अन्नाचेंडी

ग) किरण मजुमदार

घ) पद्मश्री और पद्मभूषण

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क) समाज की उन्नति का मापदंड क्या है ?

उ- समाज की उन्नति का मापदंड समाज में नारियों की स्थिति है ।

ख) नारी समाज के सामने किसने आदर्श प्रस्तुत किए ?

उ- नारी समाज के सामने महारानी लक्ष्मीबाई, चाँदबीवी, दुर्गावती, चेन्नमा जैसी महान नारियों ने कई आदर्श प्रस्तुत किए है ।

ग) स्वतंत्रता संग्राम को सफल बनाने में किसका योगदान है ?

उ- स्वतंत्रता संग्राम को सफल बनाने में अरूणा आसफ अली, विजयलक्ष्मी पंडित, सरोजिनी नाइडू जैसी महिलाओं ने योगदान दिया ।

घ) किरण मजुमदार का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

उ- किरण मजुमदार का जन्म १९५३ में बंगलूर में हुआ था ।

ङ) किरण मजुमदार को किन –किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया ?

उ- किरण मजुमदार को एम.वी.मैमोरियल आवॉर्ड, भारतीय चेंबर ऑफ कॉमर्स से लाइफ टाइम् एचीवमेंट अवॉर्ड, पदमश्री, पद्मभूषण आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए ।

क) 'महान व्यक्तियों' की प्रेरणा से जीवन में कुछ करने की चाहत बनती है । कैसे ? (मूल्यपरक)

उ- महान व्यक्तियों की जीवनियाँ सभी के लिए प्रेरणादायक होती हैं । उनके जीवन की सफलता – असफलता, उतार - चढ़ाव साधारण लोगों के लिए प्रेरणा बनती है । उनके विचार तथा जीवनशैली हमारे लिए आदर्श समान होती है । नकरात्मक परिस्थितियों में भी हिम्मत न हारने तथा जीवन में कुछ कर दिखाने की चाहत जगाती है ।

ख) आपके जीवन का प्रेरणा स्त्रोत व्यक्ति कौन है ? उसके गुणों को लिखिए ।

उ- मेरे जीवन को प्रेरणा स्त्रोत मेरे पिताजी हैं । वे सत्यवादी तथा कर्त्तव्यनिष्ठ हैं । उन्हें जब भी अवसर मिलता है वे दूसरों की सहायता करते हैं । उन्होने अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना किया है, परंतु कभी हार नहीं मानी । वे अपने अनुभव और ज्ञानको हमारे साथ बाँटते हैं । बड़ा होकर मैं उनकी तरह बनना चाहता हूँ ।

## भाषा ज्ञान

१. दो-दो समानार्थक शब्द लिखिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | महिला - | नारी | ललना |
| ख) | पुरुष - | नर | आदमी |
| ग) | जननी - | माँ | माता |
| घ) | आसमान - | नभ | गगन |
| ङ) | सागर - | समुद्र | सिंधु |

२. निम्नलिखित मुहावरों के सामने सही अर्थ विकल्पों में से छाँटकर लिखिए –

क) कमर कसना - तैयार होना

ख) नौ-दो ग्यारह होना – भाग जाना

ग) कान करना – शिकायत करना

घ) दाँतों तले अँगुली दबाना - चौंका देना

ङ) दाल में काला होना – शक होना

***

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow